

## गुस्ताखी माफ

केवल पहली बार ही, खिला रहे बादाम।
भैया अगली बार हम, निपटा देंगे काम।
निपटा देंगे काम, रूल यदि फिर तोड़ेंगे।
काटेंगे चालान, नहीं बिल्कुल छोड़ेंगे।
कह साहिल कविराय, धरेगा वहीं सिपहैया।
बार-बार बादाम, खिलायेंगे ना भैया।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 01 | MONDAY 12-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# घग्गर में डीसिल्टिंग की आड़ में रेत लूट, प्रशासन की आंखों के सामने चल रहा खेल

जीरकपुर, यूटर्न, 11 जनवरी। डेराबस्सी के पास से गुजरती घग्गर नदी में डीसिल्टिंग (नदी की सफाई) के नाम पर चल रहा रेत मीनिंग का कारोबार इन दिनों सरकार और प्रशासन के लिए बड़े सवाल खड़े कर रहा है। नदी का बहाव सुधारने और गाद निकालने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस कार्य में नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सिल्ट हटाने की आड़ में कीमती रेत निकाली जा रही है और यह सब कुछ प्रशासन की जानकारी में होने के बावजूद बिना किसी रोक-टोक के चल रहा है।

मौके पर हालात यह हैं कि घग्गर नदी के बीचों-बीच बड़े-बड़े पाइप डालकर अस्थायी रास्ता बनाया गया है। इन पाइपों के ऊपर मिट्टी और रेत डालकर कच्ची सड़क तैयार की गई है, ताकि पोकलेन और जेसीबी मशीनें नदी के अंदर तक जाकर रेत निकाल सकें। नदी से निकलने वाली रेत को टिप्परों में भरकर दिन-रात बाहर भेजा जा रहा है।

हैरानी की बात यह है कि न तो मौके पर कोई कांटा (वजन तौलने की व्यवस्था) लगाया गया है और न ही किसी प्रकार की पर्ची काटी जा रही है, जिससे मीनिंग के सरकारी रिकॉर्ड पर भी सवाल उठ रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि डीसिल्टिंग के नाम पर नदी की प्राकृतिक संरचना से छेड़छाड़ की जा रही है। पानी के नैचुरल फ्लो को रोककर पाइप डालना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे भविष्य में बाढ़ जैसे हालात भी बन सकते हैं। लोगों का आरोप है कि रोजाना प्रशासनिक अधिकारी इस रास्ते से गुजरते हैं, लेकिन कोई भी इस अवैध गतिविधि पर ध्यान नहीं दे रहा।

## घग्गर नदी में नियमों की धज्जियां, सरकार-प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल







SCAM ALERT





### मौके पर क्या दिखा

घग्गर नदी के बीच में बड़े पाइप डालकर अस्थायी सड़क पोकलेन और जेसीबी मशीनों से रेत की खुदाई बिना कांटा और बिना पर्ची के रेत से भरे टिप्पर नदी के प्राकृतिक बहाव में रुकावट इलाके के लोगों ने इस मामले को लेकर सरकार पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि उच्च अधिकारियों के निदेर्शों का पालन होता, तो इस तरह खुलेआम रेत मीनिंग संभव नहीं थी। लोगों ने मांग की है कि पूरे मामले की हाई लेवल जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

- *यह कार्य नियमों के अनुसार किया जा रहा है। नदी से केवल गाद निकाली जा रही है और इसके लिए अस्थायी रास्ता बनाया गया है। हालांकि, अधिकारियों के बयानों और जमीनी हकीकत के बीच साफ विरोधाभास दिखाई दे रहा है। एक ओर प्रशासन नियमों की बात कर रहा है, वहीं दूसरी ओर नदी के भीतर भारी मशीनों से रेत मीनिंग जारी है। अब देखना यह है कि सरकार और प्रशासन इस मामले में कब तक आंखें मूंदे रहते हैं या फिर घग्गर नदी के प्राकृतिक अस्तित्व को बचाने के लिए कोई ठोस कदम उठाया जाता है।*

### स्थानीय निवासी रुस्तम

'डीसिल्टिंग के नाम पर नदी से कीमती रेत निकाली जा रही है। दिन-रात टिप्पर चल रहे हैं, लेकिन कोई देखने वाला नहीं है। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं।' ब इस मामले को लेकर एसडीएम डेराबस्सी अमित गुप्ता से संपर्क किया गया, तो उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि घग्गर नदी के बहाव में पाइप डालकर डीसिल्टिंग नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि नियमों के मुताबिक नदी के बहते पानी को रोकना गलत है और यदि ऐसा हो रहा है तो इसकी जांच की जाएगी।

**अमित गुप्ता, एसडीएम डेराबस्सी**

'नियमों के अनुसार नदी के बहाव को रोका नहीं जा सकता। पाइप डालकर डीसिल्टिंग करना नियमों के खिलाफ है। यदि ऐसी कोई शिकायत है तो मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।' वहीं, जब माइनिंग विभाग के एसडीओ रमनदीप सिंह से इस बारे में बात की गई, तो उन्होंने कहा कि नियमों के तहत इस तरह का रास्ता बनाया जा सकता है और यह सारा काम घग्गर नदी से गाद निकालने के लिए किया जा रहा है।

**रमनदीप सिंह, एसडीओ माइनिंग**

### क्या है डीसिल्टिंग का नियम

डीसिल्टिंग का उद्देश्य नदी से गाद (मिट्टी) निकालकर बहाव को सुचारू करना होता है। नियमों के अनुसार नदी के बहते पानी को रोका नहीं जा सकता। नदी के भीतर स्थायी या अस्थायी सड़क बनाना प्रतिबंधित है। केवल सीमित और नियंत्रित मशीनों का उपयोग किया जाना चाहिए। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि वास्तव में केवल सिल्ट निकाली जा रही होती, तो रेत से भरे भारी टिप्पर दिन-रात इलाके से बाहर नहीं जाते। लोगों का आरोप है कि सरकार और प्रशासन की मिलीभगत से यह पूरा कारोबार फल-फूल रहा है। नदी के बीच बनाए गए अस्थायी रास्ते की वजह से पानी का बहाव कई जगहों पर रुक गया है, जिससे आसपास के इलाकों में जलभराव की आशंका बढ़ गई है।

- इस बारे में जब के परिंदे जगदीप धालीवाल से बात की गई तो उन्होंने कहा की पोकलेन मशीन चला सकते हैं हमारे पास परमिशन है पर आपको परमिशन सरकार से लेनी पड़ेगी हम आपको परमिशन नहीं दिखा सकते और उन्होंने कहा कि के हम गलत होते तो हमारे ऊपर पर्चा ना दे देता प्रशासन।

# पंजाब में भ्रष्टाचार पर करारा प्रहार

## डॉक्टर, बीडीपीओ, इंजीनियर और टाउन प्लानर कार्रवाई के घेरे में

चंडीगढ़, यूटर्न, 11 जनवरी। पंजाब में वर्ष 2025 के दौरान भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान में स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, वन विभाग, लोक निर्माण और नगर निगमों से जुड़े कई अधिकारी कानून के शिकंजे में आए हैं। इस व्यापक कार्रवाई ने प्रशासनिक तंत्र में फैले भ्रष्टाचार को उजागर कर दिया है और साफ संदेश दिया है कि अब किसी भी स्तर पर अनियमितताओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस कड़ी में सिविल अस्पताल सुनाम से जुड़े डॉ. अमित सिंगला का नाम सामने आया है, जिनके खिलाफ गंभीर आरोपों के तहत जांच और कार्रवाई की गई। इसके अलावा फाजिल्का, एसएएस




नगर, अमृतसर और कपूरथला में तैनात रहे बीडीपीओ परमजीत सिंह, धनवंत सिंह, कुलवंत सिंह, लखबीर सिंह और हरदयाल सिंह को भी गिरफ्तार किया गया या उनके खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। वन विभाग और इंजीनियरिंग विंग भी जांच के दायरे में आए हैं। होशियारपुर में तैनात वन रेंज अधिकारी अमरजीत सिंह तथा कार्यकारी अभियंता नरिंदरपाल सिंह पर पद का दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। नगर निगमों में भ्रष्टाचार की परतें भी खुली हैं। जालंधर, पटियाला, बठिंडा, फगवाड़ा और गुरदासपुर नगर निगमों में तैनात सहायक टाउन प्लानर और एटीपी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर और गिरफ्तारी जैसी कार्रवाई की गई है।

### कार्रवाई के दायरे में अधिकारी

*स्वास्थ्य विभाग: डॉ. अमित सिंगला (सिविल अस्पताल, सुनाम)*
*ग्रामीण विकास (BDPO) : परमजीत सिंह, धनवंत सिंह, कुलवंत सिंह, लखबीर सिंह, हरदयाल सिंह*
*वन विभाग: अमरजीत सिंह (वन रेंज अधिकारी, होशियारपुर)*
*इंजीनियरिंग विंग: नरिंदरपाल सिंह (कार्यकारी अभियंता)*
*नगर निगम (ATP) : सुखदेव विशिष्ट, जसपाल सिंह, गुरप्रीत सिंह, राज कुमार, चरनजीत सिंह*

# अमृतसर में AAP सरपंच की हत्या, आरोपी शूटर रायपुर से गिरफ्तार

## वारदात के बाद छत्तीसगढ़ में छिपे थे आरोपी, पंजाब-रायपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई






अमृतसर, यूटर्न, 11 जनवरी। पंजाब के अमृतसर में आम आदमी पार्टी (AAP) से जुड़े एक सरपंच की गोली मारकर हत्या के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हुए दोनों शूटर छत्तीसगढ़ के रायपुर में छिपे हुए थे, जिन्हें रविवार को पंजाब और रायपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, तकनीकी इनपुट और लोकेशन ट्रेसिंग के जरिए पंजाब पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी रायपुर में अपने रिश्तेदारों के घर पनाह लिए हुए हैं। जांच में दोनों शूटरों की लोकेशन राजेंद्र नगर स्थित ऋषभ अपार्टमेंट में कन्फर्म हुई। इसके बाद दोनों राज्यों की पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर सुखराज और कर्मवीर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को रायपुर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से ट्रांजिट रिमांड मिलने के बाद उन्हें अमृतसर ले जाया गया है। फिलहाल रायपुर पुलिस आरोपियों के रिश्तेदारों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि हत्या की साजिश, गैंग नेटवर्क और इसमें शामिल अन्य आरोपियों की तलाश अभी जारी है। इस सनसनीखेज हत्या से क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं राजनीतिक हलकों में भी घटना को लेकर गंभीर चिंता जताई जा रही है।

Uturn Time 12 Jan 2026_Page 1-4.qxd 11-01-2026 23:44 Page 2



# क्या हल्का वेस्ट को पार्किंग व ट्रैफिक समस्या से निजात दिला सकेगें मंत्री संजीव अरोड़ा

लुधियाना/यूटर्न/11 जनवरी। पंजाब सरकार की ओर से हाल ही में कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा के पोर्टफोलियो में लोकल बॉडी विभाग शामिल किया है। जिसके चलते अब बतौर लोकल बॉडी मंत्री उनके खुद के हल्के लुधियाना वेस्ट की कई बड़ी समस्याएं चुनौती बनकर उनके सामने आएंगी। जिसमें सबसे बड़ी समस्या ट्रैफिक जाम और पार्किंग की है। हल्का वेस्ट के ज्यादातर इलाके पॉश है। जिसके चलते यहां पर ज्यादा शोरुम और लोगों की आवाजाई भी अधिक है। इस कारण यहां ट्रैफिक जाम से निजात डालना एक बड़ी चुनौती है। हालांकि पिछली सरकारों के दौरान किसी ने भी इस समस्या को हल नहीं किया, बल्कि और अधिक दुकानदारों के कब्जे हुए। हल्का वेस्ट के अधीन आती घुमारमंडी, जवाहर नगर कैंप, फिरोजगांधी मार्केट, भारत नगर चौक, बीआरएस नगर, पक्खोवाल रोड पर सबसे ज्यादा जाम रहता है। मंत्री संजीव अरोड़ा द्वारा बाकी विभागों में अपने वीजन के साथ लोगों को सहुलियतें दी हैं। जिसके चलते लोकल बॉडी विभाग मिलते ही जनता की नजरें भी उन पर टिक गई है। अब देखना होगा कि लोकल बॉडी विभाग में वह इन समस्याओं का क्या हल करते हैं।



मंत्री संजीव अरोड़ा



वॉकिंग स्ट्रीट पर लोगों के चलने को बनाए फुटपाथ पर खड़ते हैं वाहन

## फिरोजगांधी मार्केट में सबसे ज्यादा लोग परेशान

फिरोजगांधी मार्केट में ट्रैफिक और पार्किंग की समस्या से सबसे ज्यादा लोग परेशान है। लोगों द्वारा इस संबंधी नगर निगम कमिश्नर आदित्य डेचलवाल, मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर और सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर को कई शिकायतें की गई। लेकिन न तो पार्किंग चार्ज कम हुए, न जाम कम हुआ, न सड़कों और फुटपाथ से रेहड़ियों व ठेकेदार के अवैध कब्जे हटे। ऐसे में यह मंत्री संजीव अरोड़ा के लिए बड़ी चुनौती है। इसके अलावा मार्केट में मल्टीस्टोरी पार्किंग बनाई जानी थी, जो आज तक नहीं बनी। ऐसे में देखना होगा कि अब कैसे पार्किंग की सस्ती व टिकाऊ सुविधा लोगों को दी जाती है।

## कार्यकाल का समय कम, समस्याएं अधिक

वहीं अगर देखें तो आप सरकार का कार्यकाल कम है। क्योंकि 2027 में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। दूसरी तरफ समस्याएं अधिक है। जिसके चलते मंत्री अरोड़ा के पास भी इस समय के दौरान ही समस्याओं का हल किया जाना जरुरी है। हालांकि घुमारमंडी, फिरोजगांधी मार्केट और जवाहर नगर कैंप में ट्रैफिक जाम का एक ही हल है कि पार्किंग सुविधा हो। लेकिन रातों रात पार्किंग साइट नहीं बन सकती। ऐसे में अब यह बड़ी चुनौती है कि कम समय में भी समस्या का हल कैसे किया जाए।

## वॉकिंग स्ट्रीट प्रोजेक्ट फेल, लोगों को सड़क भी नहीं मिली

वहीं अगर बात करें मल्हार रोड की तो पुरानी सरकारों के लीडरों द्वारा इस सड़क को वॉकिंग स्ट्रीट बनाने का प्रयास किया और करोड़ों रुपए खर्च किए। लेकिन न तो सही से वॉकिंग स्ट्रीट बनी और न ही लोगों के चलने को सड़क बची। लोगों के चलने को जो फुटपाथ दो से तीन गुना चौड़े किए, वहां कारें खड़ती है या अवैध कब्जे हो रखे हैं। ऐसे में अब यह समस्या भी एक बड़ी चुनौती है।

## इललीगल इमारतों पर नकेल डालना अहम

वहीं बात करें अवैध इमारतों की तो हल्का वेस्ट में भारी मात्रा में अवैध निर्माण हो रहे हैं। रिहायशी इलाकों में कमर्शियल बिल्डिंगें बन रही है। बेशक मंत्री ईमानदार है, लेकिन इसी का फायदा उठाकर निगम अधिकारी मोटी रिश्वत ले रहे हैं। अब इस अवैध इमारतों और भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई करना जरुरी है। यहां तक कि मंत्री के खुद के घर के पास ही गुरदेव नगर में रिहायशी इलाके में अवैध इमारत बन चुकी है। जिसमें निगम के एक बड़े राजनेता और अधिकारी की सेटिंग की चचाएँ हैं।

# आलू के गिरते दामों ने बढ़ाई किसानों की चिंता

- तीन रुपये किलो में बिक रही फसल, लागत भी नहीं निकल पा रही



डेराबस्सी, यूटर्न, 11 जनवरी। प्रदेश की मंडियों में आलू के दामों में अचानक आई भारी गिरावट से किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। मौजूदा समय में आलू मात्र तीन रुपये प्रति किलो के भाव बिक रहा है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि इस कीमत पर उन्हें अपनी कुल लागत का 50 प्रतिशत भी वापस नहीं मिल पा रहा है, जबकि बीज, खाद, कीटनाशक, मजदूरी और सिंचाई जैसे खर्च लगातार बढ़ते जा रहे हैं। किसानों के अनुसार इस वर्ष आलू की पैदावार अच्छी हुई है, लेकिन बाजार में एक साथ अधिक आवक होने के कारण दाम औंधे मुंह गिर गए हैं। मजबूरी में कई किसानों को अपनी फसल बेहद कम कीमत पर बेचनी पड़ रही है। कोल्ड स्टोरेज की सुविधा महंगी होने के कारण किसान आलू को लंबे समय तक सुरक्षित भी नहीं रख पा रहे हैं। किसानों का कहना है कि कोल्ड स्टोरों का किराया इतना अधिक है कि कम दाम के दौर में फसल को स्टोर करना भी घाटे का सौदा बन जाता है। किसानों ने सरकार से मांग की है कि जिस तरह अनाजों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तय किया जाता है, उसी तरह सब्जियों के लिए भी एमएसपी निर्धारित की जाए, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने आलू को कोल्ड स्टोरेज में रखने के लिए सब्सिडी देने की भी मांग उठाई है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए तो आने वाले समय में किसान आलू की खेती से पीछे हट सकते हैं, जिसका असर बाजार और उपभोक्ताओं पर भी पड़ेगा।

# कमिश्नरेट पुलिस लुधियाना की बड़ी कार्रवाई

## पाबंदीशुदा प्लास्टिक चाइना डोर सहित आरोपी गिरफ्तार

लुधियाना, यूटर्न, 11 जनवरी। माननीय श्री स्वपन शर्मा, आईपीएस, कमिश्नर पुलिस लुधियाना तथा श्री रुपिंदर सिंह, आईपीएस, अतिरिक्त कमिश्नर पुलिस लुधियाना के दिशा-निदेर्शों के तहत कमिश्नरेट पुलिस लुधियाना ने पाबंदीशुदा प्लास्टिक चाइना डोर के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्री कंवलप्रीत सिंह चाहल, पीपीएस, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर पुलिस जोन-3 लुधियाना तथा श्री गुरइकबाल सिंह, पीपीएस, सहायक कमिश्नर पुलिस सिविल लाइंस लुधियाना ने बताया कि इंस्पेक्टर मधु बाला, मुख्य अधिकारी थाना डिवीजन नंबर-5 लुधियाना की निगरानी में पुलिस पार्टी ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की। पुलिस टीम ने मिड्ढा चौक, जवाहर नगर कैंप लुधियाना के पास रेड कर आरोपी सुशील कुमार पुत्र सोमनाथ, निवासी जवाहर नगर कैंप लुधियाना को काबू किया।



तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 80 गट्टू पाबंदीशुदा प्लास्टिक चाइना डोर बरामद की गई। पुलिस द्वारा थाना डिवीजन नंबर-5 लुधियाना में मुकदमा नंबर 09 दिनांक 10-01-2026 के तहत धारा 223 व 125 बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी से पूछताछ जारी है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जानलेवा चाइना डोर के खिलाफ अभियान आगे भी पूरी सख्ती से जारी रहेगा।

# PMTA की मंत्री संजीव अरोड़ा से मुलाकात, प्लास्टिक पार्क निर्माण शीघ्र शुरू होने के संकेत



लुधियाना/चंडीगढ़, यूटर्न, 11 जनवरी। आज प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एंड ट्रेडर्स एसोसिएशन (PMTA) के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने माननीय लोकल बॉडी मंत्री श्री संजीव अरोड़ा जी से शिष्टाचार भेंट कर राज्य के प्लास्टिक उद्योग से जुड़े अहम मुद्दों पर सार्थक संवाद किया। बैठक का प्रमुख केंद्र प्लास्टिक पार्क की स्थापना और टरटए सेक्टर में लंबे समय से लंबित भुगतानों (Delayed Payments) की गंभीर समस्या रही।

PMTA टीम ने मंत्री पद संभालने पर श्री संजीव अरोड़ा जी को हार्दिक बधाई देते हुए उद्योग की अपेक्षाओं और चुनौतियों से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि प्लास्टिक पार्क के निर्माण से न केवल निवेश को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि रोजगार सृजन और तकनीकी उन्नयन में भी राज्य को बड़ा लाभ होगा। माननीय मंत्री श्री संजीव अरोड़ा जी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि राज्य में प्लास्टिक पार्क की निर्माण प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। साथ ही उन्होंने टरटए सेक्टर में लंबित भुगतानों के शीघ्र, पारदर्शी और न्यायसंगत समाधान के लिए सकारात्मक व ठोस कदम उठाने का भरोसा दिलाया। इस बैठक में PMTA की ओर से श्री सुरेश राणा, डॉ. मानकर गर्ग, श्री राजीव जैन, श्री राजन मिगलानी एवं श्री सौरभ सिंगल उपस्थित रहे। PMTA ने इस संवाद को उद्योग -सरकार सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण और निर्णायक कदम बताया।

Uturn Time 12 Jan 2026_Page 1-4.qxd 11-01-2026 23:44 Page 3





पेज 06 सत्संग से ही होता है मनुष्य का आंतरिक परिवर्तन...

# बाजारों में ट्रैफिक समस्या और दुकानदारों के कब्जे बरकरार, विधायक-सीनियर डिप्टी मेयर की रिहायश बाहर भी लोग जाम से परेशान



सुभानी बिल्डिंग रोड पर जाम में फंसे लोग



सड़कों पर दुकानदारों के कब्जे बरकरार

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/11 जनवरी। लुधियाना के नगर निगम अधिकारियों और ट्रैफिक पुलिस द्वारा बेशक शहर में अवैध कब्जे हटवाने और ट्रैफिक व्यवस्था सुधार देने के दावे किए जाते हैं। लेकिन जमीनीं हकीकत पर ऐसा कोई भी बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है। लोग आज भी शनिवार और रविवार को घंटों जाम में फंस रहे हैं। ताजा तस्वीरें सुभानी बिल्डिंग रोड और फिल्डगंज की सामने आई हैं। जहां पर लोग घंटों जाम में फंसकर परेशान होते हैं। तस्वीरों में दुकानदारों ने अवैध कब्जे भी उसी तरह से बरकरार दिखाई दे रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि हल्का सेंट्रल विधायक अशोक पराशर पप्पी और सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर की रिहायश भी फिल्डगंज में है। जबकि उनकी रिहायश के बाहर सड़क पर भारी जाम लगा रहता है, इसके अलावा उनकी रिहायशी सड़क आगे जाकर सुभानी बिल्डिंग रोड को मिलती है। जबकि उक्त रोड पर तो जाम में फंसकर 2 से 3 घंटे बर्बाद होना लाजमी है। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि हल्के को ट्रैफिक मुक्त करने के विधायक और सीनियर डिप्टी मेयर के दावे, सिर्फ दावों तक ही सीमित रह गए हैं।



विधायक अशोक पराशर पप्पी



सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर

## ऑटो, कारें और अवैध कब्जे सबसे बड़ा कारण

वहीं जाम में फंसे लोगों का कहना है कि शनिवार और रविवार को जाम लगने का सबसे बड़ा कारण ऑटो, कारें और अवैध कब्जे हैं। शनिवार और रविवार को लोगों को छुट्टी होती है। ऐसे में लोग शॉपिंग करने बाजार पहुंचते हैं। लेकिन ऑटो, कारें और दुकानदारों द्वारा बाहर सामान रखकर किए अवैध कब्जों से वहां जाम लग जाता है। जिस कारण वह खुद तो परेशान होते ही हैं, साथ में शॉपिंग करने आए लोगों को भी परेशान करते हैं।

## डीसीपी बराड़ द्वारा चलाई गई थी स्पेशल ड्राइव

जानकारी के अनुसार लुधियाना ट्रैफिक के डीसीपी रहे सुखपाल सिंह बराड़ द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान एक स्पेशल ड्राइव चलाई थी। जिसमें शनिवार और रविवार को बाजारों में ऑटो, कारों के लिए नो एंट्री जोन घोषित किया था। जिसमें सिर्फ टू व्हीलर लेकर ही लोग बाजार जा सकते थे। इससे चौड़ा बाजार, सुभानी बिल्डिंग रोड, करीमपुरा, फिल्डगंज, तालाब बाजार समेत सभी प्रमुख बाजारों में जाम से निजात मिल सकी थी। हालांकि अब देखना होगा कि ऐसे ही स्पेशल ड्राइव अधिकारी चलाएंगे या नहीं।

## निगम की कार्रवाई के बाद फिर हुए कब्जे

पिछले दिनों नगर निगम तहबाजारी टीम के इंस्पेक्टर विपिन हांडा द्वारा बाजारों में जाकर जमकर अवैध कब्जों पर कार्रवाई की। लेकिन लोगों ने दोबारा कब्जे कर लिए। चर्चा है कि निगम को इसका कोई पक्का हल करना चाहिए, ताकि दोबारा कब्जे न हो सके। यहां तक कि सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर द्वारा खुद फिल्डगंज व उसके साथ लगते इलाकों पर अवैध कब्जे हटवाए। लेकिन अब वे कब्जे दोबारा हो चुके हैं। यहां तक कि उनकी रिहायश से चंद कदम दूर टिक्की वाले रेहड़ी लगाते है और वहां आने वाले ग्राहक वाहन सड़कों को लगाकर जाम लगाते हैं।

## दोबारा से लिया जाएगा एक्शन

इंस्पेक्टर विपिन हांडा के अनुसार पहले सख्ती से एक्शन लिया गया था। कई दुकानदारों को वार्निंग भी दी गई थी। लेकिन अब कैंप में व्यस्त होने के कारण कार्रवाई धीमी हो गई थी। सोमवार फिर से एक्शन शुरू किया जाएगा।

# कुंदन विद्या मंदिर एलुमनाई एसोसिएशन ने 9वें वर्ष आयोजित की एशिया की सबसे बड़ी इलुमिनेट क्रिकेट मीट



लुधियाना, यूटर्न, 11 जनवरी। कुंदन विद्या मंदिर, लुधियाना की एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा एशिया की सबसे बड़ी इलुमिनेट क्रिकेट मीट का आयोजन लगातार नौवें वर्ष किया गया। इस प्रतिष्ठित क्रिकेट टूनार्मेंट का समापन समारोह आज कुंदन विद्या मंदिर स्कूल परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें सैकड़ों पूर्व छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

समारोह के मुख्य अतिथि पंजाब सरकार में स्थानीय निकाय, उद्योग एवं बिजली मंत्री संजीव अरोड़ा रहे। उन्होंने अपने संबोधन में एलुमनाई एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजन पूर्व छात्रों को जोड़ने के साथ-साथ युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को मजबूत करते हैं। एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विकास जिंदल ने स्वागत भाषण में मंत्री संजीव अरोड़ा द्वारा लुधियाना शहर में कराए गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली समर्पण और उत्कृष्टता का उदाहरण है। एसोसिएशन के सचिव कपिल गुप्ता ने समापन समारोह में शामिल होने के लिए मंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्रीमती अनु गुप्ता, आकाश, मनीष श्वेयर, अनुराग, सनी बबिता, अशोक गोयल सहित एलुमनाई एसोसिएशन के अनेक पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। समारोह का समापन खिलाड़ियों को सम्मानित करने और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने के संकल्प के साथ किया गया।

# ट्रक चालक ने बाइक सवार को कुचला, मौत, ड्राइवर गिरफ्तार

लुधियाना/यूटर्न/11 जनवरी। ताजपुर रोड पुल पर रविवार दोपहर को एक ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ट्रक युवक के सिर को कुचलते निकल गया। जिस कारण युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 33 वर्षीय अर्जुन के रूप में हुई है जो टाटा कंपनी में काम करता था। हादसा दोपहर करीब 1:30 बजे उस वक्त हुआ जब अर्जुन




अपनी बाइक पर सवार होकर घर से समराला चौक की ओर जा रहा था। दोस्त ने बताया कि मैं अपनी स्कूटी पर उसके साथ ही जा रही थी सब कुछ इतनी जल्दी हुआ कि संभलने का मौका नहीं मिला। उसने बताया कि आज छुट्टी के दिन अर्जुन अपनी बाइक ठीक करवाने समराला चौक जा रहा था। दोस्त ने बताया कि ताजपुर रोड पुल के ऊपर अर्जुन की बाइक पर जार रहा था तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मारी और अर्जुन का सिर के ऊपर से गुजर गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी ड्राइवर और ट्रक को थाना डिवीजन नंबर 7 की पुलिस के हवाले कर दिया गया है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल के मोर्चरी में रखवा दिया है। परिजनों के आने के बाद कानूनी कार्रवाई पूरी कर शव उन्हें सौंप दिया जाएगा।

# निजी स्कूलों में कमजोर वर्गों और पिछड़े समूहों के लिए 25 प्रतिशत सीटें रिजर्व अनिवार्य

- कैपिटेशन व स्क्रीनिंग फीस पर पूर्ण प्रतिबंध, उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई

लुधियाना, यूटर्न, 11 जनवरी। लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर श्री हिमांशु जैन ने जिले के सभी निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों (अल्पसंख्यक संस्थानों को छोड़कर) को आरटीई अधिनियम की धारा 12(1)(सी) के तहत कमजोर वर्गों और पिछड़े समूहों के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के निर्देश जारी किए हैं। स्कूल शिक्षा निदेशालय के मेमो नंबर ई-/2025/20266372 के अनुसार, सभी पात्र स्कूलों को 12 जनवरी 2026 तक आधिकारिक पोर्टल https://rte.epunjabschool.gov.in पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण करना होगा। निदेशों के तहत स्कूलों को प्रवेश स्तर की सीटों, ट्यूशन फीस तथा मान्यता (सीओआर) नंबर सहित सभी विवरण सही और पूर्ण रूप से अपलोड करने होंगे। स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश संख्या ई-861949/2025 के अनुसार, परिवहन शुल्क को छोड़कर किसी भी प्रकार की कैपिटेशन फीस या स्क्रीनिंग फीस लेना सख्त वर्जित है। डिप्टी कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि पंजीकरण की अंतिम तिथि या प्रवेश दिशा-निदेशों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। स्कूलों को आरटीई प्रवेश प्रक्रिया और एसओपी से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेशों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

# ट्रक में फंसकर टूटी हाई-वोल्टेज बिजली की तार, लंबा ट्रैफिक जाम

डेराबस्सी, यूटर्न, 11 जनवरी। मुबाकरपुर बस स्टैंड के नजदीक उस समय बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक गुजरते ट्रक में फंसकर बिजली सप्लाई की हाई-वोल्टेज तार अचानक टूटकर सड़क पर गिर गई। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गई और सड़क पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। जानकारी के अनुसार, एक ऊंचा ट्रक मुबाकरपुर बस स्टैंड से होकर गुजर रहा था। इसी दौरान सड़क के ऊपर से गुजर रही बिजली की तार ट्रक के ऊपरी हिस्से में फंस गई। खिंचाव के कारण तार टूटकर सड़क पर आ गिरी। तार टूटते ही तेज धमाका हुआ और चिंगारियां निकलने लगीं, जिससे आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना के तुरंत बाद मुबाकरपुर से लेकर ढकोली (जीरकपुर) तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सड़क के बीचों-बीच तार गिरने के कारण दोनों ओर की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने सबसे पहले बिजली विभाग को सूचना देकर सप्लाई बंद करवाई, ताकि कोई अनहोनी न हो। इसके बाद ट्रैफिक को डायवर्ट कर जाम खुलवाने के प्रयास किए गए।

Uturn Time 12 Jan 2026_Page 1-4.qxd 11-01-2026 23:44 Page 4






# हरियाणा सीएम सैनी ने लुधियाना में धार्मिक स्थलों पर टेका माथा, आप सरकार को घेरा

लुधियाना/यूटर्न/11 जनवरी। लुधियाना के समराला में रविवार को हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी पहुंचे। वह श्री माछीवाड़ा साहिब में ऐतिहासिक गुरुद्वारा चरण कंवल साहिब में नतमस्तक हुए। सीएम ने गुरुद्वारा साहिब के इतिहास के बारे जानकारी ली। उनकी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से सम्मान भी किया गया। इस दौरान सीएम नायब सैनी ने कहा कि आज मैं खुद को खुशकिस्मत समझता हूं कि मैं गुरु गोबिंद सिंह जी की उस धरती में माथा टेकने पहुंचा हूं जहां उन्होंने तपस्या की है। गुरुओं ने इस देश, समाज और धर्म के लिए बड़ी कुर्बानियां दी है। इतिहास हमेशा उन्हें स्मरण करता रहेगा। ये हमारे लिए गर्व की बात है कि गुरुओं की शिक्षाओं और बलिदान के कारण हम आज आजादी की सांस ले रहे है। सीएम सैनी ने कहा कि ये माछीवाड़ा साहिब का ऐतिहासिक स्थल है जहां गुरु महाराज के चरण पड़े है। यहां के इतिहास को जानने का भी मुझे आज मौका मिला है। जिस पेड़ के नीचे बैठ कर गुरु जी ने समाज को शिक्षा दी है आज उस स्थान के नजदीक जाने का मुझे अवसर मिला है।





**राजनीति चमका रहे आप लीडर...**सैनी ने आतिशी मामले में कहा कि कुछ लोग इस तरह की बातें करके अपनी राजनीति को चमकाना चाहते है। गुरुओं ने जो हमें शिक्षा दी है, जो संघर्ष किए है उसके लिए गलत बोलना तो दूर की बात गलत सोचना भी पाप है। सीएम सैनी आज न्यू अनाज मंडी, चावा रोड पर भाजपा वर्करों के साथ रैली करेंगे। सूचना यह भी है कि भाजपा पंजाब नेता सुनील जाखड़, कार्यकारी प्रधान अश्वनी शर्मा भी मौजूद रहेंगे।


**सीएम नायब बोले- गुरुओं और उनके परिवारों ने कुर्बानियां दी...**गुरुओं और उनके परिवारों ने कुर्बानियां दी है। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने वीर बाल दिवस पर जो बात की है वह बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा था कि यदि गुरु तेगबहादुर जी, गुरु गोबिंद सिंह जी कुबार्नी ना देते तो आज इतिहास ही कुछ और होता। पूरे इतिहास में आज तक सुनने को नहीं मिला कि इतनी बड़ी कुबार्नी किसी ने दी हो। सीएम सैनी ने कहा कि गुरु साहिब ने अपने जीवन के कठिन समय में भी धैर्य साहस और विश्वास नहीं छोड़ा। सिरसा नदीं का बिछड़ना, चारों साहिबजादों की शहादत का दर्द, चारों तरफ मुगलों का पहरा ऐसे समय में माछीवाड़ा के जंगलों में गुरु साहिब ने फरमाया था- मित्तर प्यारे नू हाल मुरीदां दा केहना। ये गुरु गोबिंद सिंह जी की वाणी है।


## ढकोली रेलवे फाटक पर दर्दनाक हादसा, ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



जीरकपुर, यूटर्न, 11 जनवरी। ढकोली रेलवे फाटक पर मंगलवार रात एक दर्दनाक हादसे में पैदल रेलवे लाइन पार कर रहे एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार यह हादसा रात करीब 6:45 बजे हुआ, जब रेलवे फाटक बंद था। इसी दौरान मंदिर की ओर से एक व्यक्ति पैदल रेलवे लाइन पार करने की कोशिश कर रहा था। अचानक ट्रेन के नीचे आकर कट गया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस चौकी मुबारकपुर घग्गर से रेलवे पुलिस टीम मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि मृतक के पास से कोई भी पहचान पत्र बरामद नहीं हुआ है। उसकी उम्र करीब 30 से 35 वर्ष के बीच प्रतीत होती है और वह प्रवासी मजदूर लग रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर भारतीय न्याय संहिता की धारा 194 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। पहचान न होने के कारण शव को शिनाख्त के लिए 72 घंटे के लिए सिविल अस्पताल डेराबस्सी की मोर्चरी में रखवाया जा रहा है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जीरकपुर ट्रैफिक पुलिस का अभियान, वाहनों पर लगाए गए रिफ्लेक्टर



जीरकपुर, यूटर्न, 11 जनवरी। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जीरकपुर ट्रैफिक पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान कार, जीप, ऑटो और ट्रकों सहित विभिन्न वाहनों पर करीब 50 से 55 रिफ्लेक्टर लगाए गए। ट्रैफिक पुलिस द्वारा यह कदम घने कोहरे के दौरान होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है। रिफ्लेक्टर लगाए जाने से रात के समय और कम दृश्यता की स्थिति में वाहनों की पहचान आसानी से हो सकेगी, जिससे हादसों की संभावना कम होगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए ट्रैफिक पुलिस जीरकपुर के प्रभारी इंस्पेक्टर मनफूल सिंह ने बताया कि कोहरे के मौसम में अतिरिक्त सतर्कता बेहद जरूरी है और ऐसे सुरक्षा उपाय वाहन चालकों के लिए काफी सहायक साबित होते हैं।

## सावधान: लुधियाना में कटेगा चालान, नहीं चलेगी सिफारिश

# ट्रैफिक मामले में लुधियाना को चंडीगढ़ बनाने की तर्ज पर काम शुरू, 25 प्वाइंट्स पर होगा काम, एसीपी ट्रैफिक को मिली स्पेशल पावर्स

## मंत्री संजीव अरोड़ा ने एसीपी गुरदेव सिंह संग मीटिंग कर किए अहम फैसले

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/11 जनवरी। लुधियाना में अगर आप भी ट्रैफिक नियम तोड़ रहे हैं तो सावधान हो जाइए, क्योंकि अब नियम तोड़ने पर सिफारिश नहीं चलेगी, बल्कि सीधा चालान होगा। यह एक्शन प्लान जल्द शहर में लागू होने जा रहा है। रविवार को शहर की ट्रैफिक समस्याओं संबंधी कैबिनेट मिनिस्टर संजीव अरोड़ा की और से ट्रैफिक एक्सपर्ट एसीपी ट्रैफिक गुरदेव सिंह के साथ मीटिंग की गई। इस दौरान मंत्री अरोड़ा की और से एसीपी गुरदेव सिंह के साथ मिलकर शहर को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने और लोगों को रूल्स फॉलो कराने के प्लान पर गंभीरता से चर्चा की। मीटिंग में कई अहम फैसले लिए गए। अब 25 प्वाइंट्स के तहत शहर में ट्रैफिक सुधार किया जाएगा। इस दौरान मंत्री संजीव अरोड़ा की और एसीपी ट्रैफिक गुरदेव सिंह को स्पेशल पावर्स दी गई हैं, ताकि वह अपना काम खुलकर, निष्पक्षता और बिना किसी दबाव के कर सकें। इस संबंधी एसीपी द्वारा मंत्री अरोड़ा को रिपोर्ट की जाएगी। एसीपी गुरदेव सिंह अनुसार मंत्री संजीव अरोड़ा का सपना है कि ट्रैफिक मामले में लुधियाना को चंडीगढ़ बनाने की तर्ज पर बनाना है। जिसके लिए काम शुरू किया जा रहा है। जल्द ट्रैफिक सुधार का असर देखने को मिलेगा।



मंत्री संजीव अरोड़ा और एसीपी गुरदेव सिंह ने की मीटिंग

### १५ प्वाइंट्स का एजेंडा तैयार

एसीपी गुरदेव सिंह की तरफ से 25 प्वाइंट्स का एजेंडा तैयार किया गया हैं। जिसके चलते अब इन पर काम शुरू किया जाएगा। इसमें आत्म पार्क चौक, बस स्टैंड, दुर्गा माता मंदिर के आगे व चौक, भाई बाला चौक, प्वेलियन मॉल, घुमारमंडी, राजपुरा चौक, दंडी स्वामी चौक, भारत नगर चौक, किचलू नगर कट, मॉडल टाउन मिंट गुंबरी चौक से गुरुद्वारा साहिब तक, चीमा चौक से आत्म पार्क तक में सुधार किया जाएगा। इसके अलावा प्रमुख सड़कों को वन-वे भी किया जाएगा। इसी के साथ स्लीप-वे में सुधार, सड़कों पर रॉन्ग पार्किंग हटाना, रॉन्ग साइड़ के चालान भी प्रमुख तौर पर शामिल हैं। क्योंकि रॉन्ग पार्किंग से जाम के अलावा हादसे भी सबसे ज्यादा होते हैं।

### कई प्रमुख मेडलों से सम्मानित हो चुके एसीपी

एसीपी गुरदेव सिंह पिछले लंबे समय से ट्रैफिक विभाग में सेवाएं दे रहे हैं। उनकी अच्छी सेवाओं के चलते 2019 में राष्ट्रपति मेडल, 2020 में मुख्यमंत्री मेडल, 2021 में नेशनल रोड सेफ्टी अवॉर्ड और पांच लाख नकद इनाम मिल चुका है। कोरोना कॉल के दौरान भी उन्होंने सेवाएं दी। जिस पर उन्हें डीजीपी एग्जांपलरी सेवा सोसायटी डिस्क मिली। अब तक उन्हें आठ डीजीपी डिस्क मिल चुकी हैं।

### शहर में अच्छे तरीके से वाकीफ है एसीपी

एसीपी ट्रैफिक गुरदेव सिंह शहर की हर सड़क, चौक और गली की ट्रैफिक समस्या से अच्छी तरह से वाकीफ है। हर प्वाइंट की उन्हें अच्छे से नॉलेज है। जिसके चलते उनकी और से ट्रैफिक चार्ज संभालते ही इस पर काम शुरू कर दिया गया था। हालांकि पहले भी वह लुधियाना में लंबा समय एसीपी ट्रैफिक रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कारों पर ब्लैक फिल्म, ओवरस्पीड, ड्रंकनड्राइव के चालान शुरू करवाए। लग्जरी कारों के जल्द मुलाजिम चालान नहीं कर पाते थे। लेकिन एसीपी गुरदेव सिंह द्वारा लग्जरी कारों के चालान के स्पेशल नाके लगाकर कार्रवाई की थी। इसके अलावा शहर की प्रमुख सड़कों को वन-वे कराया और बाजारों में वीकेंड पर ऑटो व कारों को बैन कराया। वहीं, स्कूलों, कॉलेजों में सेमिनार कराना, टो-वे में तेजी लाना, ई-चालान, चौकों पर टाइमिंग लाइट्स लगवाना, प्रमुख चौराहों पर लाइटिंग लगाना, माता रानी चौक, घंटा घर चौक, जालंधर बाइपास, ग्यासपुरा, शेरपुर, बस स्टैंड, भारत नगर चौक, जालंधर बाइपास, आत्म पार्क चौक, जगराओं पुल पर ट्रैफिक समस्या को हल कराना, यह सब कार्य एसीपी गुरदेव सिंह की ही शहर को देन है।



### *लोग दें साथ, लुधियाना को बनाएंगे एक नंबर*

*वहीं एसीपी गुरदेव सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि शहरवासी उनका साथ दें। वह लुधियाना को ट्रैफिक मामले में एक नंबर बनाकर दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि लोग दूसरे शहरों की तारीख करना भुलकर, लुधियाना की तारीख किया करेगें। एसीपी ने कहा कि लोगों को ट्रैफिक नियम फॉलो करवाए जाएंगे, अवेयर किया जाएगा और अगर फिर भी कोई कानून तोड़ेगा तो एक्शन होगा।*

Uturn Time 12 Jan 2026_Page 1-4.qxd 11-01-2026 23:44 Page 5





पेज 08 708 करोड़ रुपये का पावर इंफ्रास्ट्रक्चर पुश...

# झूठे वादों की राजनीति से बाहर निकले पंजाब: नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़/समराला, यूटर्न, 11 जनवरी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पंजाब सरकार समस्याओं का स्थायी समाधान करने के बजाय केवल राजनीति कर रही है। वे रविवार को लुधियाना जिले के समराला में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीति सत्ता सुख का साधन नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम होनी चाहिए, लेकिन पंजाब सरकार ने इसे सत्ता भोग का जरिया बना लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चाहे कांग्रेस रही हो या वर्तमान आम आदमी पार्टी सरकार, दोनों ने पंजाब के लोगों से किए गए वादों को पूरा नहीं किया। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में डबल इंजन सरकार ने एक वर्ष में 54 वादे पूरे किए, जबकि पंजाब में चार साल बीतने के बावजूद बुजुर्गों को 2500 रुपये पेंशन और महिलाओं को 1100 रुपये मासिक सहायता जैसे वादे अधूरे हैं। उन्होंने फसल खराबे, बाढ़ मुआवजे और किसानों को एमएसपी पर फसल खरीद को लेकर भी पंजाब सरकार से जवाब मांगा। मुख्यमंत्री ने नशा, बेरोजगारी और पलायन का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पंजाब के युवा हताश हैं, जबकि हरियाणा में बिना पर्ची-बिना खर्ची के हजारों युवाओं को रोजगार दिया गया है। इस अवसर पर सुनील जाखड़, सतनाम सिंह संधू सहित कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# बलटाना फ्लाईओवर के नीचे ट्रैफिक बना जानलेवा, छह माह बाद भी न लाइट न साइन बोर्ड





जीरकपुर, यूटर्न, 11 जनवरी। बलटाना क्षेत्र में बने फ्लाईओवर के नीचे ट्रैफिक व्यवस्था दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। हाल ही में सामने आई तस्वीरें साफ तौर पर यह साबित करती हैं कि फ्लाईओवर के नीचे का इलाका पूरी तरह अव्यवस्थित ट्रैफिक का केंद्र बन चुका है, जहां हर पल हादसे का खतरा बना रहता है। हैरानी की बात यह है कि फ्लाईओवर बने हुए छह महीने से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन अब तक यहां न तो ट्रैफिक लाइट लगाई गई है और न ही किसी प्रकार के ट्रैफिक साइन बोर्ड या रोड मार्किंग की व्यवस्था की गई है।

> इस सप्ताह के भीतर दोनों तरफ दिशा-
> — राहुल सोलख, मैनेजर, एनएचएआई

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कट पॉइंट पर वाहन चालकों को किसी भी तरह की दिशा या नियमों की स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाती। नतीजतन, चारों दिशाओं से वाहन बिना किसी नियंत्रण के आ-जा रहे हैं। दोपहिया, चारपहिया, ऑटो और साइकिल सवार एक साथ कट मारते नजर आते हैं, जिससे आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं। कई लोगों को पहले भी इन दुर्घटनाओं में चोटें लग चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन और संबंधित विभागों की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह चौराहा बेहद संवेदनशील बन चुका है। यहां रॉन्ग साइड वाहनों की आवाजाही आम बात हो गई है, जिससे टकराव की आशंका हर समय बनी रहती है। सुबह और शाम के व्यस्त समय में हालात और भी खराब हो जाते हैं। लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते यहां ट्रैफिक लाइट, स्पष्ट रोड मार्किंग, साइन बोर्ड और पुलिस की नियमित निगरानी नहीं की गई, तो किसी दिन यह स्थान बड़े और जानलेवा हादसे का गवाह बन सकता है।

इस पूरे मामले में स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। लोगों का कहना है कि केवल फ्लाईओवर का निर्माण कर देना ही पर्याप्त नहीं है। उसके नीचे की ट्रैफिक प्लानिंग और सुरक्षा व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी होती है। यदि समय रहते इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो भविष्य में होने वाले किसी भी बड़े हादसे की जिम्मेदारी पूरी तरह संबंधित विभागों और प्रशासन की होगी।

# स्थानीय लोगों की पर्यटकों से अपील, 20 जनवरी से 28 फरवरी तक लाहौल की सिस्सू घाटी में न आएं

चंडीगढ़/यूटर्न/11 जनवरी। 20 जनवरी से 28 फरवरी तक लाहौल की सिस्सू घाटी में न आएं, यह पर्यटकों से विनम्र अनुरोध है। अटल टनल के उद्घाटन के बाद से सिस्सू हाल ही में टूरिस्ट एक्टिविटी का केंद्र बना है, इस जगह पर हिमाचल में टूरिज्म एक्टिविटी में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई है, जहाँ ज्यादातर पर्यटक पंजाब से आते हैं। हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले की खूबसूरत सिस्सू घाटी में पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों और सदियों पुरानी रीति-रिवाजों की पवित्रता को बनाए रखने के लिए, 20 जनवरी से 28 फरवरी तक 40 दिनों के लिए पर्यटन गतिविधियाँ निलंबित रहेंगी। यह फैसला सिस्सू ग्राम पंचायत ने प्रमुख धार्मिक और सामुदायिक निकायों के साथ मिलकर लिया है, जो क्षेत्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के प्रति गहरे सम्मान को दर्शाता है। कड़ाके की ठंड के बावजूद, बर्फ से ढके परिदृश्यों और साहसिक गतिविधियों से आकर्षित होकर सैकड़ों पर्यटक रोजाना लाहौल पहुँच रहे हैं। हालाँकि, स्थानीय संस्थानों को लगा कि बढ़ती पर्यटकों की मौजूदगी इस अवधि के दौरान होने वाले गंभीर धार्मिक अनुष्ठानों में बाधा डाल सकती है।



## 40 दिन तक सुविधाएं रहेंगी बंद

इन 40 दिनों के दौरान, सिस्सू पंचायत के तहत आने वाले सभी गाँव, जिसमें हेलीपैड के आसपास के क्षेत्र भी शामिल हैं, पर्यटन के लिए बंद रहेंगे। पंचायत अध्यक्ष राजीव ने कहा, 'यह बैन पागल नाला से रोपसांग तक पूरे इलाके पर लागू है। टूरिज्म से जुड़ी कोई भी गतिविधि की इजाजत नहीं होगी। एडवेंचर टूरिज्म के सभी रूप पूरी तरह से बैन रहेंगे। इस दौरान ऑल-टेरेन व्हीकल (ATV) राइडिंग, हॉट एयर बैलूनिंग, ज़िप-लाइनिंग, स्कीइंग, बंजी जंपिंग और ट्यूब स्लाइडिंग जैसी एक्टिविटीज पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है।'

## त्योहारों के कारण लगी पाबंदी

ये धार्मिक पाबंदियां मुख्य रूप से हाल्दा और पून्हा जैसे महत्वपूर्ण स्थानीय त्योहारों से जुड़ी हैं, जिनके लिए शांति, अनुशासन और आध्यात्मिक ध्यान की जरूरत होती है। पंचायत नेतृत्व के अनुसार, इस दौरान पर्यटकों की मौजूदगी और मनोरंजन की गतिविधियां धार्मिक परंपराओं के पालन में बाधा डाल सकती हैं, जिन्हें स्थानीय तौर पर 'देव पाबंदियां' कहा जाता है।

## समीति ने लगाया प्रतिबंध

स्थानीय देवी-देवताओं की निर्बाध पूजा और पारंपरिक अनुष्ठानों के उचित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए, सिस्सू पंचायत क्षेत्र में पर्यटन से संबंधित गतिविधियों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने पर सहमति बनी, जो क्षेत्र में पर्यटकों की आमद बढ़ने के बाद एक नियमित प्रक्रिया थी। इस फैसले को राजा घेपन समिति, देवी भोटी समिति, लबरंग गोम्पा समिति के साथ-साथ पंचायत के महिला और युवक मंडलों ने सर्वसम्मति से मंजूरी दी।

## प्रशासन को किया गया सूचित

इस फैसले के बारे में ज़िला प्रशासन को औपचारिक रूप से सूचित कर दिया गया है। सिस्सू पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने केलांग के अतिरिक्त उपायुक्त से मुलाकात की और इस संबंध में पूरे प्रशासनिक सहयोग का अनुरोध किया। पंचायत ने अधिकारियों से यह भी आग्रह किया कि पाबंदी की अवधि के दौरान पर्यटकों का ट्रैफिक सिस्सू हेलीपैड की ओर डायवर्ट न किया जाए। प्रस्ताव की प्रतियां उपायुक्त, उप-विभागीय मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक, केलांग को भेजी गईं।

# डेराबस्सी में टर्फ टाइटंस लीगझ्रसीजन 1 का भव्य आयोजन, डेराबस्सी इलेवन बनी विजेता



डेराबस्सी, यूटर्न, 11 जनवरी। डेराबस्सी में आज खेल भावना, अनुशासन और युवा जोश से भरपूर टर्फ टाइटंस लीग झ्र सीजन 1 का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित लीग का आयोजन जशन बजाज, विकास बजाज एवं राहुल मेहता द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस टूनार्मेंट में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें डेराबस्सी स्ट्राइकर्स, टांगोरी सिक्स, सिल्वर सिटी स्ट्राइकर्स, एक्सटेंशन स्ट्राइकर्स, रूथलेस रनर्स, इंडस स्ट्राइकर्स, गुलाबगढ़ प्लेयर्स और डेराबस्सी इलेवन शामिल रहीं। सभी टीमों ने बेहतरीन खेल भावना का परिचय देते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए डेराबस्सी इलेवन ने खिताब अपने नाम किया। वहीं सिल्वर सिटी स्ट्राइकर्स की टीम प्रथम उपविजेता रही, जबकि टांगोरी सिक्स ने द्वितीय उपविजेता का स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय एन. के. शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और युवाओं से खेलों को अपने जीवन का अहम हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर डेराबस्सी के पूर्व विधायक के. शर्मा को खेलों के प्रति उनके योगदान और मार्गदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे व्यक्तित्वों का सम्मान युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। टर्फ टाइटंस लीग - सीजन 1 का यह आयोजन डेराबस्सी में खेल गतिविधियों को नई पहचान देने वाला साबित हुआ और भविष्य में ऐसे और आयोजनों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।

# भारत विकास परिषद विवेकानंद ने लोहड़ी पर किया परिवार मिलन समारोह का आयोजन

- बच्चों व सदस्यों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नए सदस्यों का सम्मान



डेराबस्सी, यूटर्न, 11 जनवरी। भारत विकास परिषद विवेकानंद डेराबस्सी शाखा द्वारा लोहड़ी के पावन अवसर पर परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिषद से जुड़े परिवारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बच्चों व सदस्यों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिससे पूरा माहौल उत्सवमय बन गया। इस अवसर पर परिषद की ओर से उत्कृष्ट कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सदस्यों और परिषद में शामिल हुए नए सदस्यों को विशेष उपहार देकर सम्मानित किया गया। परिषद के प्रधान डॉ. बरखा राम ने सभी सदस्यों को लोहड़ी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता, पारिवारिक मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में परिषद के सचिव उपेश बंसल, कोषाध्यक्ष अश्वनी शर्मा के अलावा रविंद्र वैष्णव, भूषण जैन, गुरचरण सिंह, दिनेश वैष्णव, जय प्रकाश धीमान, अरविंद कुमार, नरेश धीमान सहित परिषद के कई वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे। विशेष रूप से परिषद के वरिष्ठ सदस्य एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन धीमान की भी सभी को लोहड़ी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। समारोह के अंत में सभी सदस्यों ने लोहड़ी पर्व की खुशियां एक-दूसरे के साथ साझा कीं और समाजहित में आगे भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने का संकल्प लिया।

Uturn Time 12 Jan 2026_Page 1-4.qxd 11-01-2026 23:44 Page 6



## गुजरात के गुरुद्वारा साहिब में डेराबस्सी विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने टेका माथा, सभी की भलाई के लिए की अरदास



डेराबस्सी, यूटर्न, 11 जनवरी। डेराबस्सी से आम आदमी पार्टी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने चुनावी ड्यूटी के सिलसिले में गुजरात प्रवास के दौरान निकोल विधानसभा क्षेत्र के ओडव स्थित श्री गुरु नानक गुरुद्वारा साहिब दरबार में माथा टेका। इस अवसर पर उन्होंने गुरु साहिब से आशीर्वाद लेकर प्रदेश व देश की खुशहाली, शांति और आपसी भाईचारे के लिए अरदास की। विधायक रंधावा ने गुरुद्वारा साहिब में गुरु का लंगर भी छका और संगत के साथ निस्वार्थ सेवा, समानता और मानवता के मूल्यों पर विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि सिख परंपरा में सेवा और समर्पण का संदेश समाज को एकजुट रखने में अहम भूमिका निभाता है। गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों के साथ हुई बैठक के दौरान विधायक रंधावा ने कहा कि धार्मिक संस्थाएं समाज में शांति, सद्भाव और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारे न केवल धार्मिक आस्था के केंद्र हैं, बल्कि सामाजिक एकता और सेवा भाव के भी मजबूत स्तंभ हैं। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति द्वारा किए गए सम्मान के लिए विधायक रंधावा ने आभार प्रकट किया। उनके साथ ऊना के प्रतिनिधि और डेराबस्सी लैंग्वेज बैंक के चेयरमैन दविंदर सैनी तथा ट्रेड कमीशन के चेयरमैन अजय कुमार भी उपस्थित रहे।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### क्यों अपने धर्म को बदनाम किए जाते हो?

आजकल हमारे देश में समाज वैचारिक रूप से कई भागों में बँटा हुआ दिखाई देता है। एक ओर वे लोग हैं जो नाम-जप की शक्ति को सर्वोपरी मानते हैं और प्रभु की भक्ति में लीन रहकर अपने जीवन को सार्थक बनाते हैं। उनका विश्वास है कि ईश्वर का स्मरण मन को शांति देता है और आत्माको सही मार्ग पर ले जाता है। दूसरी ओर एक बड़ा वर्ग ऐसा है जो ₹ॐ₹ के ओंकार को जीवन का आधार मानकर भक्ति करता है और प्रभु पर अटूट श्रद्धा रखते हुए धर्म के मूल सिद्धांतों को अपनाता है। इन दोनों ही वर्गों का उद्देश्य आत्मिक उन्नति और नैतिक जीवन है। परंतु एक तीसरा वर्ग भी उभर कर सामने आ रहा है, जो प्रभु की भक्ति के हर मार्ग को निशाना बनाता है और उसे ढोंग कहकर नकार देता है। ऐसे लोग न केवल धार्मिक आस्थाओं का उपहास करते हैं, बल्कि श्रीकृष्ण के गीता ज्ञान पर भी संदेह प्रकट करते हैं। गीता, जो कर्म, धर्म और भक्ति का संतुलित संदेश देती है, उस पर अविश्वास समाज में भ्रम और विभाजन को जन्म देता है।इन्हीं कारणों से कई बार हमारे हिंदू धर्म की ओर उँगली उठाई जाती है। आवश्यकता इस बात की है कि हम धर्म के मर्म को समझें, सहिष्णुता बनाए रखें और भक्ति व ज्ञान के बीच संतुलन स्थापित करें, ताकि समाज में सद्भाव और एकता बनी रहे।

# सत्संग से ही होता है मनुष्य का आंतरिक परिवर्तनः संत अश्वनी बेदी महाराज



लुधियाना, यूटर्न, 11 जनवरी। श्री राम श्रणम आश्रम में साप्ताहिक सत्संग, संत अश्वनी बेदी जी महाराज ने सत्संग की महत्ता पर डाला प्रकाश श्री राम श्रणम आश्रम, श्री राम पार्क, बसंत रोड में आयोजित साप्ताहिक सत्संग में संत अश्वनी बेदी जी महाराज ने सत्संग और जप-यज्ञ के आध्यात्मिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अपने प्रवचनों में गुरुदेव परम पूज्य श्री स्वामी सत्यानंद जी महाराज के वचनों का स्मरण कराते हुए कहा कि सत्संग वह पावन स्थान है जहाँ सज्जन स्त्री-पुरुष एकत्र होकर धर्म और सत्य की चर्चा करते हैं, और यह केवल ईश्वर की कृपा से ही संभव होता है।

संत अश्वनी बेदी जी महाराज ने कहा कि मनुष्य सांसारिक मायाजाल में उलझा रहता है, जिसका कोई अंत नहीं। ऐसे में मानसिक शांति, आत्मिक उन्नति और जीवन को संतुलित बनाने के लिए अध्यात्म को समय देना अनिवार्य है। सत्संग संतों की कृपा से मिलता है और सच्चे संतों का मिलना स्वयं हरि-कृपा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि लोग मनोरंजन के साधनों पर अत्यधिक धन और समय खर्च करते हैं, किंतु यदि वही आकर्षण सत्संग के प्रति हो जाए तो समाज में वास्तविक शांति स्थापित हो सकती है। सत्संग गंभीर व्यक्तियों का विषय है, जहाँ हरि-चर्चा से शांति-रस की अनुभूति होती है।

### आंतरिक परिवर्तन का माध्यम है सत्संग

महाराज ने स्पष्ट किया कि राजसभाएं, सरकारें और तंत्र केवल बाहरी नियम और दंड बना सकते हैं, परंतु मनुष्य की आंतरिक प्रवृत्ति को नहीं बदल सकते। मन का परिवर्तन केवल सत्संग से ही संभव है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जेल की सजा काटने के बाद भी अपराधी का स्वभाव नहीं बदलता, क्योंकि भीतर से परिवर्तन नहीं होता। सभा में श्री राजन कपूर, राज गुप्ता, बाहर प्रकाश, प्रिया गंभीर, प्रेरणा साही, नीरा गुप्ता, श्री रामेश्वर गुप्ता, बृजेश गुप्ता, शशि गुप्ता, शत्रुगान नंदा, गुलाब राय, चन्द्र कपूर, अमन गंभीर, राजन शर्मा, संदीप सूद, रेणु शर्मा, स्वीट धवन, दीक्षा धवन, किरण खरबंदा, शुचिता दुग्गल, अदिति सिंगला, राधिका वर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Insurance Ombudsman क्या है और Insurance Claimमें यह कैसे मदद करता है?**

जब Insurance Company से बार-बार शिकायत करने के बावजूद Claim का समाधान न हो, तो ज्यादातर लोग समझते हैं कि अब केवल लंबा कानूनी मुकदमा ही रास्ता है। लेकिन कम लोगों को पता है कि Insurance मामलों के लिए एक सरल, तेज और कम खचीर्ला विकल्प भी मौजूद है — Insurance Ombudsman। Insurance Ombudsman एक स्वतंत्र और निष्पक्ष व्यवस्था है, जिसका उद्देश्य Insurance Company और उपभोक्ता के बीच विवाद को बिना जटिल प्रक्रिया के सुलझाना है। यह व्यवस्था खास तौर पर उन मामलों के लिए बनाई गई है, जहाँ Claim की राशि, देरी, आंशिक भुगतान या अनुचित rejection को लेकर शिकायत हो। Ombudsman के पास जाने से पहले यह जरूरी है कि उपभोक्ता ने Insurance Company के सामने अपनी शिकायत रखी हो और उचित समय तक जवाब का इंतजार किया हो। यदि कंपनी संतोषजनक समाधान नहीं देती, तो Ombudsman के समक्ष शिकायत की जा सकती है। यह शिकायत लिखित या ऑनलाइन माध्यम से भी की जा सकती है।

Insurance Ombudsman की प्रक्रिया अपेक्षाकृत सरल होती है। यहाँ न तो भारी फीस होती है और न ही लंबी तारीखों का झंझट। Ombudsman दोनों पक्षों की बात सुनकर निष्पक्ष निर्णय देता है या समझौते की कोशिश करता है। कई मामलों में उपभोक्ता को बिना अदालत गए ही राहत मिल जाती है।

यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि Ombudsman हर प्रकार के Insurance विवाद नहीं सुनता। लेकिन जहाँ मामला Claim settlement, देरी या सेवा में कमी से जुड़ा हो, वहाँ यह मंच बेहद उपयोगी साबित होता है। Ombudsman का उद्देश्य विवाद बढ़ाना नहीं, बल्कि उसे जल्दी और न्यायसंगत तरीके से सुलझाना होता है।

निष्कर्ष : Insurance Claim में परेशान उपभोक्ता के लिए Ombudsman एक प्रभावी और सुविधाजनक विकल्प है। यह मंच समय, पैसे और मानसिक तनाव—तीनों को बचाने में मदद करता है। सही जानकारी और सही मंच का चुनाव कई बार वही न्याय दिला देता है, जिसके लिए लोग सालों तक भटकते रहते हैं।

# 5100 नवजन्मी बेटियों की लोहड़ीः समाज में सकारात्मक बदलाव का सशक्त संदेश

### बेटी का जन्म अब उत्सव है—यही असली सामाजिक परिवर्तनः डॉ. बलजीत कौर



चंडीगढ़/जालंधर, 11 जनवरी। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को नई मजबूती देते हुए गांव घुड़का स्थित जोहल फार्म में 5100 नवजन्मी बेटियों के सम्मान में लोहड़ी का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन समाज में बेटियों के प्रति बदलती सोच और सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का सशक्त प्रतीक बना। कार्यक्रम में पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान की पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर, पंजाब राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन श्रीमती राज लाली गिल, तथा पंजाब एग्री फूड कॉरपोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन मंगल सिंह बस्सी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने बेटी बचाओझ्रबेटी पढ़ाओ के संदेश को और मजबूत किया। पंजाब सरकार की सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि 5100 नवजन्मी बेटियों की लोहड़ी मनाना समाज में बेटियों को लेकर आई सकारात्मक सोच का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि बेटी का जन्म अब बोझ नहीं, बल्कि उत्सव बन रहा है, यही सच्चे सामाजिक बदलाव की पहचान है। डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रभावी योजनाएं लागू कर रही है। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं और ग्रामीण स्तर पर सहभागिता को इस अभियान की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। कैबिनेट मंत्री ने जोहल फार्म सेवा सोसायटी सहित सभी सहयोगियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बेटियों के सम्मान और समानता की भावना को समाज में और मजबूत करते हैं।

## सिख गुरुओं के अपमान के मामले में 'आप' विधायकों ने छोड़ा आतिशी का साथः भाजपा



नई दिल्ली, यूटर्न, 11 जनवरी। दिल्ली भाजपा ने रविवार को दावा किया कि आम आदमी पार्टी (आप) में फूट पड़ गई है, क्योंकि बड़ी संख्या में विधायकों ने सिख गुरुओं के कथित अपमानजनक बयान पर विपक्ष की नेता आतिशी का बचाव करने के प्रयासों से खुद को अलग कर लिया है। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि ऐसा लगता है कि आम आदमी पार्टी के विधायकों ने आतिशी का लगभग साथ छोड़ दिया है, क्योंकि पार्टी के 22 में से 21 विधायक रविवार को उनके समर्थन में आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं हुए। कपूर ने आगे कहा कि राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की सहमति के बिना विधानसभा में विपक्ष की नेता से जुड़े मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन से लगभग सभी आम आदमी विधायकों का अनुपस्थित रहना संभव नहीं है। भाजपा नेता ने कहा कि आम आदमी पार्टी में यह फूट संभवतः केजरीवाल के इशारे पर ही फैल रही है। भाजपा नेता कपूर ने कहा कि चूंकि यह मुद्दा सिखों और पंजाब से संबंधित है।

Uturn Time 12 Jan 2026_Page 1-4.qxd 11-01-2026 23:44 Page 7



# सीएम भगवंत मान ने 1746 युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे, बोले- पंजाब में गैंगवार बढ़ा, इसे रोकना आपकी ड्यूटी



जालंधर/यूटर्न/11 जनवरी। जालंधर के पीएपी में सीएम भगवंत मान पहुंचे। सीएम ने यहां पर नए भर्ती युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए। उन्होंने कहा कि 1746 नए लड़के-लड़कियों को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। हमने कैश और फरमाइश को खत्म कर दिया है। सीएम ने खुद माना की पंजाब में गैंगवार बढ़ी है।

इसलिए अब इसे दूर करने के लिए नए रिक्रूट की भी जिम्मेदारी है। पंजाब सरकार अभी तक 63 हजार से ज्यादा लोगों को सरकारी नौकरी दे चुके हैं। सीएम ने कहा कि मैं पीएपी में बहुत बार आ चुका हैं। बतौर कलाकार कई बार प्रोग्राम करने के आ चुका हूं। अब होम मिनिस्ट्री मेरे पास है। मैं पुलिस को बहुत अच्छी तरह से जानता हूं। आपने जुगनू सीरीज देखी होगी। मेरे पास तो आज तक पंजाब पुलिस की वर्दियां पड़ी हैं। मुझे पता है कि पंजाब पुलिस की टोपी की झालर में अखबार रखना पड़ता है।

## ये मेरी तरफ से लोहड़ी का तोहफा

सीएम भगवंत मान ने कहा कि जिनको नियुक्ति पत्र दिया गया है, उनको मेरी तरफ से लोहड़ी की बधाई। ये आपको लोहड़ी का तोहफा है। आज शाम को अपने-अपने घर पर मीठा बनाएं। मुझे पता है कि जब आप तैयारी कर रहे होंगे, तो कई लोगों ने ताने मारे होंगे। रिश्तेदार भी तंज कसते होंगे। आज जब आपको नियुक्ति पत्र मिल गए तो वो सब बधाई देने आएंगे।

## पंजाब बॉर्डर स्टेट है, इसे आपने संभालना है

सीएम मान ने कहा कि पंजाब बॉर्डर स्टेट है। 532 किलोमीटर हमारा बॉर्डर है। ये भी नहीं कि यहां पहाड़ हैं। ये सारा प्लेन इलाका है। हमने एंटी ड्रोन सिस्टम भी दिए हैं, लेकिन पंजाब में ड्रग भेजने की दुश्मन कोशिश करता रहता है। इसलिए आने वाले दिनों में ट्रेनिंग पूरी कर आप लोगों ने ही बॉर्डर को संभालना है। देश में हमने पहली सड़क सुरक्षा फोर्स दी है। इसे लेकर पॉजिटव फीडबैक मिला है। 6 मिनट रिस्पांस टाइम में हमारे मुलाजिम स्पाट पर पहुंच जाते हैं। इसके चलते मौतों की संख्या 49 फीसदी घटी है। हमने एक्सीडेंट में छूटे गहने और अन्य सामान लोगों को वापस दिया है। इसकी कीमत 17 करोड़ रुपए के लगभग है।

# सीएम मान ने विपक्षी दलों पर साधा निशाना, बोले-बीजेपी धर्म के नाम पर बांट रही, कांग्रेस-अकाली दल को घेरा

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/11 जनवरी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बठिंडा में एक नई डिस्ट्रिक्ट लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। यह लाइब्रेरी जिला प्रशासनिक परिसर के निकट बनाई गई है और इसके निर्माण पर लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत आई है। उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत की और विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। इस मौके पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा हमेशा धर्म की राजनीति करती है और लोगों को बांटने का काम करती है। मान ने कहा कि भाजपा ने दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी का वीडियो तोड़-मरोड़कर पेश किया है, जिसमें गुरु साहिब के नाम को गलत तरीके से



जोड़ा गया है, जो गुरुओं की बेअदबी है। उन्होंने फोरेंसिक जांच का हवाला देते हुए कहा कि असली वीडियो में ऐसा कुछ नहीं था, लेकिन भाजपा ने सबटाइटल में गुरुओं के नाम डालकर अपमान किया है।

**पहले से चली आ रही भाजपा की घटिया मानसिकता : मान...** सीएम मान ने कहा कि भाजपा की यह घटिया मानसिकता पहले से चली आ रही है, जहां वे लोगों को भड़काते हैं और गलत जानकारी फैलाते हैं। उन्होंने पंजाब में अगले 8-10 महीनों में ऐसे प्रयासों की आशंका जताई और कहा कि भाजपा पंजाब और पंजाबियों से नफरत करती है। वे चंडीगढ़ के मुद्दे पर आते हैं, आंदोलनों को रोकते हैं, लेकिन विरोध होने पर पीछे हट जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और अकाली दल पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इन दलों ने एक ही समय में एक ही प्रेस नोट जारी कर उनकी बेइज्जती की, शब्द बिल्कुल वही हैं, सिर्फ कॉमा नहीं बदला। व्यंग्यात्मक लहजे में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए तो पागलखाने खोलने पड़ेंगे, क्योंकि 2025 के आखिर या 2026 की शुरूआत तक वे अपना दिमागी संतुलन खो देंगी।

# पंजाब एमटीबी टीम गठन के लिए ओपन चयन ट्रायल 29 जनवरी को पटियाला में

## सीएफआई की एड-हॉक कमेटी द्वारा घोषित; अनधिकृत ट्रायल्स से दूर रहने की अपील

अमृतसर, यूटर्न, 11 जनवरी। अरुणाचल प्रदेश में आयोजित होने वाली आगामी माउंटेन टेरेन बाइक (एमटीबी) नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए पंजाब राज्य माउंटेन बाइक टीम के गठन हेतु ओपन चयन ट्रायल 29 जनवरी को जागो-अकाल अकादमी रोड, गांव कालवा (पटियाला-सरहिंद रोड) पर आयोजित किए जाएंगे। ये ट्रायल साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (CFI) द्वारा गठित एड-हॉक कमेटी (साइक्लिंग पंजाब) के तत्वावधान में होंगे और पुरुष एवं महिला सभी वर्गों के लिए खुले रहेंगे। प्रतिभागियों का पंजाब का मूल निवासी होना अनिवार्य है। ट्रायल्स में मेन/वुमेन एलीट (19 वर्ष से ऊपर), अंडर-



23, जूनियर (17-18 वर्ष) तथा यूथ बॉयज व गर्ल्स (14 वर्ष से कम) श्रेणियां शामिल होंगी। खिलाड़ियों को मूल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य है। एड-हॉक कमेटी के अध्यक्ष एवं सीएफआई के संयुक्त सचिव शैलेंद्र पाठक ने स्पष्ट किया कि पंजाब में टीम गठन और ट्रायल आयोजित करने का अधिकार केवल एड-हॉक कमेटी को ही है। किसी भी अन्य संस्था या व्यक्ति द्वारा कराए गए ट्रायल अनधिकृत और अमान्य माने जाएंगे। खिलाड़ियों से अपील की गई है कि वे किसी भी अफवाह या अनऑथराइज्ड चयन प्रक्रिया से दूर रहें। अधिकृत जानकारी के लिए खिलाड़ी मनीष सावनी (सदस्य, एड-हॉक कमेटी) से मोबाइल 9463909616 पर संपर्क कर सकते हैं।

# मॉस्को सम्मेलन में भारत और रूस ने मजबूत किए व्यापारिक रिश्ते

नई दिल्ली, यूटर्न, 11 जनवरी। मॉस्को में आयोजित सोलहवें रूस-भारत व्यापार संवाद सम्मेलन में 1,250 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। इस सम्मेलन में कहा गया कि भारत और रूस के बीच सहयोग और संयुक्त व्यापार परियोजनाओं पर काम आगे भी बड़े अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जारी रहेंगे, जिसमें 3 से 6 जून तक होने वाला सेंट पीटर्सबर्ग अंतरराष्ट्रीय इकनॉमिक फोरम भी शामिल है। इस सम्मेलन का आयोजन इंडियन बिजनेस अलायंस, बिजनेस काउंसिल फॉर कोऑपरेशन विद इंडिया, मॉस्को सरकार और रोसकांग्रेस फाउंडेशन ने किया था। सम्मेलन के मुख्य सत्र में भारत और रूस के बीच सहयोग की प्रमुख दिशाओं पर चर्चा हुई, जिसमें व्यापार से जुड़ी समस्याओं को हल करना और द्विपक्षीय व्यापार को संतुलित करने के नए अवसर तलाशने पर बात की गई। इसके अलावा, सामान की ढुलाई और वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने, औद्योगिक सहयोग, आयात पर निर्भरता कम करने और ऊर्जा, तकनीक व नवाचार में साझेदारी जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

# कूड़ा कलेक्टर द्वारा समझौते के उल्लंघन पर वार्ड नंबर 1 में जनसभा का किया गया आयोजन

## बैठक में प्रस्ताव पारित कर नगर परिषद को एक औपचारिक शिकायत भेजी



जीरकपुर, यूटर्न, 11 जनवरी। रविवार के दिन वार्ड नं. 1 की पार्षद उषा रानी और राम विहार कॉम्प्लेक्स के प्रधान प्रताप सिंह राणा की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक बुलाई गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कूड़ा कलेक्टर द्वारा पिछले लिखित समझौते (दिनांक 27/12/2025) के उल्लंघन पर चर्चा की गई है।बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसके तहत नगर परिषद को एक औपचारिक शिकायत भेजी गई है और मांग की गई है कि समझौते का उल्लंघन करने वाले वर्तमान गार्बेज कलेक्टर को हटाया जाए और नगर परिषद द्वारा अधिकृत गार्बेज कलेक्टर को तुरंत वार्ड में तैनात किया जाए।

- जब तक पिछले लिखित समझौते का पालन नहीं होता, तब तक कोई भी निवासी कूड़ा कलेक्टर को नहीं करेगा भुगतान

इस बैठक में पार्षद उषा रानी, जॉइंट एक्शन कमेटी के प्रधान प्रताप सिंह राणा, महासचिव हर्ष रावत, मनोहर बिस्ट, कुलदीप जैसवाल, विश्वकर्मा समिति के अध्यक्ष पवन तिवारी, रेसिडेंट एसोसिएशन सैनी विहार फेज 3 के अध्यक्ष रिखी राम ठाकुर, एडवोकेट महावीर सिंह, हरमिलाप नगर ३ से अध्यक्ष राजू और कृष्ण, हरमिलाप नगर से बाबू लाल गुप्ता, रवींद्रा एनक्लेव से कृष्ण सिंह और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित थे, जिन्होंने अपनी सहमति के रूप में हस्ताक्षर किए।

## बैठक के मुख्य बिंदु

**पुराने समझौते का संदर्भ :** बैठक में बताया गया कि 27 दिसंबर 2025 को वार्ड सदस्यों और कूड़ा कलेक्टरों (राजेश कुमार और उर्मिला देवी) के बीच एक लिखित समझौता हुआ था, जिसके तहत जनवरी 2026 से एक वर्ष के लिए ₹170 प्रति घर मासिक शुल्क तय किया गया था।

**समझौते का उल्लंघन :** निवासियों ने संज्ञान में लाया कि कूड़ा कलेक्टर अब अपने वादे से मुकर गए हैं और लोगों से जबरन ₹200 प्रति घर वसूल रहे हैं।

**वार्ड वासियों का विरोध :** उपस्थित सभी सदस्यों ने इस तानाशाही रवैये का कड़ा विरोध किया और सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जब तक पिछले लिखित समझौते का पालन नहीं होता, तब तक कोई भी निवासी भुगतान नहीं करेगा।



# 708 करोड़ रुपये का पावर इंफ्रास्ट्रक्चर पुश, मोहाली में आईटी और इंडस्ट्री बूम को बढ़ावा देगा

**चंडीगढ़/यूटर्न/11 जनवरी। मोहाली में छह दशकों में पहली बार बिजली सप्लाई इंफ्रास्ट्रक्चर का सबसे बड़ा अपग्रेड होने वाला है। पंजाब सरकार ने आईटी सिटी, एयरोसिटी, आस-पास के इंडस्ट्रियल सेक्टर और शहरी हब में बिजली नेटवर्क को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए 708 करोड़ रुपये की एक इंटीग्रेटेड योजना शुरू की है। इस महत्वाकांक्षी योजना में ग्रिड सबस्टेशन, ट्रांसमिशन कॉरिडोर और लास्ट-माइल डिस्ट्रीब्यूशन शामिल हैं। इसका मकसद विश्वसनीय, उच्च-गुणवत्ता वाली और बिना रुकावट बिजली सुनिश्चित करना है, क्योंकि मोहाली खुद को पंजाब के औद्योगीकरण और टेक्नोलॉजी-आधारित विकास के अगले चरण के गेटवे के रूप में स्थापित कर रहा है। पंजाब के बिजली मंत्री संजीव अरोड़ा, जिनके पास उद्योग और वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन और स्थानीय सरकार के विभाग भी हैं, ने कहा कि यह पहल मोहाली के विस्तार को बनाए रखने और वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के लिए महत्वपूर्ण है।**





## बिजली सप्लाई को किया अपग्रेड

वर्तमान में, मोहाली में आईटी सेक्टर को 66केवी आईटी सिटी सबस्टेशन के माध्यम से विश्वसनीय रूप से बिजली दी जा रही है, जिसे एक 20 एमवीए ट्रांसफार्मर से दो 31.5 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर में अपग्रेड किया है, जिससे इसकी कुल क्षमता 63 एमवीए हो गई है। इससे मजबूत रिजर्व मार्जिन और ऑपरेशनल लचीलापन आया है जो लगातार आईटी और औद्योगिक विकास को सपोर्ट करेगा। औद्योगिक लोड को 3x20 एमवीए की क्षमता वाले 66 केवी सेक्टर-68 सबस्टेशन और 51.5 एमवीए की संयुक्त क्षमता वाले 66 केवी फेज-8इ सबस्टेशन के माध्यम से भी बिजली दी जा रही है। आईटी सिटी सबस्टेशन के साथ, मोहाली के पास अब 174.5 एमवीए की संयुक्त फीडिंग क्षमता है, जो आने वाले प्रोजेक्ट्स को संभालने के लिए पावर सिस्टम की तैयारी को दिखाता है।

**ट्रांसमिशन नेटवर्क...**इसके साथ ही, 70.60 करोड़ रुपये की लागत से 66 केवी ट्रांसमिशन नेटवर्क को मजबूत किया जा रहा है, जिसमें फेज-7, सनी एन्क्लेव और फेज-9 में हाई-डेंसिटी पावर कॉरिडोर को अपग्रेड किया जा रहा है। उपायों में HTLS कंडक्टर लगाना, भीड़भाड़ वाले शहरी इलाकों में मोनोपोल स्ट्रक्चर का इस्तेमाल और रिडंडेंसी, कंजेशन कम करने और आईटी पार्क और औद्योगिक क्लस्टर को बिना रुकावट बिजली सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए सेकंड-सर्किट स्ट्रिंगिंग शामिल है।

**इंटीग्रेटेड पावर अपग्रेड से मिलेगा फायदा...**उन्होंने कहा कि इंटीग्रेटेड पावर अपग्रेड से मौजूदा निवासियों, बिजनेस और इंडस्ट्रीज को फायदा होगा, और मोहाली को अपनी अगली मंज़िल के तौर पर देख रहे इन्वेस्टर्स में भरोसा पैदा होगा। मार्च में इन्वेस्ट पंजाब समिट होने वाला है, ऐसे में इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर देने का समय रणनीतिक माना जा रहा है। अरोड़ा ने कहा, यह सिर्फ.बिजली सप्लाई के बारे में नहीं है, यह भरोसे के बारे में है। भरोसेमंद बिजली का मतलब है तेज ग्रोथ, ज्यादा नौकरियाँ, सुरक्षित मोहल्ले और एक ऐसा शहर जो आईटी, अकऔर डेटा सेंटर्स के लिए पूरी तरह से तैयार है।

## मोहाली में दिख रही औद्योगिक विकास की तेजी

आईटी सिटी और एयरोसिटी सहित मोहाली, उत्तरी भारत में सबसे तेजी से बढ़ते शहरी-औद्योगिक विकास दर में से एक देख रहा है, जिसमें आईटी पार्क, टेक्नोलॉजी हब, आवासीय सेक्टर, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स और संस्थानों के कारण सालाना बिजली की मांग में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। अरोड़ा ने कहा, बिजली की विश्वसनीयता किसी भी आधुनिक शहर की रीढ़ होती है। यह 708 करोड़ रुपये का अपग्रेड यह सुनिश्चित करने के लिए है कि मोहाली कभी भी ऊर्जा की कमी के कारण धीमा न हो और आईटी, उद्योग और भविष्य के निवेश के लिए एक पसंदीदा जगह के रूप में उभरे।

## ट्रांसफार्मर अपग्रेड

डस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर और LT नेटवर्क सुधार के काम भी 168.10 करोड़ रुपये की लागत से लागू किए जा रहे हैं। इनमें लोडिंग को 70 प्रतिशत से नीचे रखने के लिए 1,032 ट्रांसफार्मर को बढ़ाना, LT लाइन की लंबाई कम करने के लिए 746 नए ट्रांसफार्मर लगाना, नंगे कंडक्टरों को इंसुलेटेड अइ केबल से बदलना, असुरक्षित LT लाइनों को हटाना और खंभों और सपोर्ट स्ट्रक्चर को मजबूत करना शामिल है। उम्मीद है कि इन उपायों से सुरक्षा, वोल्टेज प्रोफाइल और कस्टमर सैटिस्फैक्शन में काफी सुधार होगा, खासकर आईटी और इंडस्ट्रियल कस्टमर्स के लिए।

## 172 करोड़ रुपये के बड़े पैमाने पर चल रहे काम

डिस्ट्रीब्यूशन साइड पर आरडीएसएस, एपीडीआरपी और आउटेज रिडक्शन प्लान के तहत 172 करोड़ रुपये के बड़े पैमाने पर लास्ट-माइल मजबूती के काम चल रहे हैं, जिसमें धान के मौसम से पहले 11 केवी नेटवर्क को मजबूत करने पर ध्यान दिया जा रहा है। ORP के तहत, फीडर बाइफर्केशन और नेटवर्क रीऑर्गेनाइजेशन मार्च 2027 तक जारी रहेगा। बीस फीडर पहले ही डी-लोड किए जा चुके हैं, 25 और पर काम चल रहा है, और फेलियर को कम करने और विश्वसनीयता में सुधार के लिए फीडर लोडिंग को 140 एम्पीयर पर सीमित कर दिया गया है।

## ग्रिड-लेवल के हस्तक्षेप

अब सबसे ज्यादा जोर भविष्य के विस्तार और सिस्टम को मजबूत करने पर है, जिसमें 354.20 करोड़ रुपये के बड़े ग्रिड-लेवल के काम पहले ही शुरू हो चुके हैं या चल रहे हैं। आईटी सिटी के सेक्टर 101 में 5.5 एकड़ जमीन पर एक नए 220 केवी ग्रिड सबस्टेशन के लिए सिविल वर्क शुरू हो गया है। अगले 15 महीनों में इसके चालू होने की उम्मीद है, यह ग्रिड बनूर ग्रिड के साथ इंटरलिंक होकर सिस्टम की रिडंडेंसी को काफी बढ़ाएगा, जिससे इंडस्ट्री को कम से कम रुकावट के साथ बहुत भरोसेमंद सप्लाई मिलेगी। एयरोसिटी-2, सेक्टर-82, इकोसिटी-1 और सेक्टर-118 में नए 66 केवी सबस्टेशन की भी योजना है, साथ ही औद्योगिक और कमर्शियल मोहाली में सप्लाई की विश्वसनीयता को बेहतर बनाने के लिए 220 केवी फेज-7 और सेक्टर-80 ग्रिड के बीच इंटरकनेक्शन को मजबूत किया जा रहा है। 162.90 करोड़ रुपये के अतिरिक्त ग्रिड फीडिंग क्षमता बढ़ाने के काम भी चल रहे हैं।

# सावित्रीबाई फुले की जयंती पर जिला स्तरीय टीचर सम्मान समारोह

## सरकारी स्कूलों के 8 शिक्षकों को किया गया सम्मानित

डेराबस्सी, यूटर्न, 11 जनवरी। भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर डॉ. बी.आर. अंबेडकर एजुकेशनल सोसाइटी, डेराबस्सी की ओर से जिला स्तरीय ह्यटीचर सम्मान समारोहह्ल का आयोजन स्थानीय सरकारी कॉलेज के विद्यार्थी भवन में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सोसाइटी के अध्यक्ष भाग सिंह घोड़ेवाल के नेतृत्व में हुआ।

समारोह की अध्यक्षता श्री गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज, चंडीगढ़ के प्रिंसिपल डॉ. जसविंदर सिंह ने की, जबकि डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। डॉ. गुरजंट सिंह तथा संदीप कुमार वर्मा, डिप्टी सेक्रेटरी



(एकेडमिक), पंजाब स्कूल एजुकेशन बोर्ड, मोहाली विशेष अतिथि रहे। सोसाइटी के जनरल सेक्रेटरी एडवोकेट अनमोल सिंह ने अतिथियों और उपस्थितजनों का स्वागत किया, जबकि मंच संचालन व्याख्याता जय पाल ने किया।

इस अवसर पर बेहतरीन शैक्षणिक परिणाम देने वाले सरकारी स्कूलों के आठ शिक्षकों को शॉल, सर्टिफिकेट और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में

जरनैल सिंह क्रांति (सेवानिवृत्त एसएस मास्टर), परमजीत कौर (प्रधानाध्यापिका, एसएचएस स्कूल राजोमाजरा), दीपाली बंसल (प्रधानाध्यापिका, एसएचएस कारकौर), पवित्र सिंह (लेक्चरर अंग्रेजी, पीएम श्री एसएसएस स्कूल खिजराबाद), परमजीत कौर (लेक्चरर पॉलिटिकल साइंस, एसएसएस स्कूल बूटा सिंह वाला), कमलदीप कौर (साइंस मिस्ट्रेस, एसएसएस स्कूल रानीमाजरा), मनप्रीत सिंह (डीपीई, रेसिडेंशियल स्कूल फॉर मेरिटोरियस स्टूडेंट्स, मोहाली) और अमृतपाल सिंह (हेड टीचर, एसपीए बैरनपुर) शामिल रहे।

सम्मान पत्रों का वाचन हरदीप कौर (असिस्टेंट डायरेक्टर, फिशरीज विभाग, मोहाली), नेशनल अवार्डी भजनबीर सिंह, प्रो. रविंदर सिंह, इंजी. गुरजिंदर सिंह बराना, मास्टर सतगुर सिंह, मास्टर वरिंदर पाल सिंह और जैलदार सिंह हसमुख ने किया।

मुख्य अतिथि विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि सरकारी स्कूलों के मेहनती शिक्षकों को सम्मानित करना समाज के लिए प्रेरणादायक कार्य है। डॉ. गुरजंट सिंह ने ऐसे रचनात्मक कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

# जन संगठनों के प्रदर्शनों में की जाएगी भागीदारी



भाग सिंह अंटाल/अभिषेक सूद

घनौर/यूटर्न/11 जनवरी। घनौर, सनौर और पटियाला देहाती क्षेत्र के गांवों से जुड़ी जमीन प्राप्ति संघर्ष समिति ने मजदूरों, किसानों और गरीब वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए जारी अपने संघर्ष को और तेज करते हुए बड़े जन आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी करने का ऐलान किया है। इस संबंध में बहादुरगढ़ में धर्मपाल सिंह और गुरदीप सिंह लंग की अध्यक्षता में हुई एक अहम बैठक में निर्णय लिया गया कि 16 जनवरी को पटियाला में विभिन्न जन संगठनों द्वारा एक बड़ा धरना व प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को समाप्त कर नया जी राम जी कानून लाने के फैसले की कड़ी निंदा की जाएगी। इस नए कानून को मजदूर विरोधी और गरीबों की रोजी-रोटी छीनने की साज़िश बताया गया है। साथ ही नए बिजली बिल और चार नए श्रम कानूनों के खिलाफ भी जोरदार विरोध दर्ज कराया जाएगा। वहीं 27 जनवरी को संगरूर में जमीन प्राप्ति संघर्ष समिति, मजदूर संगठनों और अन्य इंसाफपसंद लोगों द्वारा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की कोठी के सामने विशाल धरना दिया जाएगा। जमीन प्राप्ति संघर्ष समिति के जोनल सचिव गुरविंदर बौड़ां और जगतार सिंह लंग ने कहा कि यह संघर्ष गरीबों, दलितों और ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए है। बैठक में इसके अलावा सतपाल सिंह, दर्शन सिंह, परमिंदर कौर, जंगीयर सिंह सहित अन्य साथी भी उपस्थित थे।

# अवैध खनन में लगी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, चालक मौके से फरार

डेराबस्सी, यूटर्न, 11 जनवरी। क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत डेराबस्सी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बीती देर रात गांव सुंडरा में की गई छापेमारी के दौरान पुलिस ने रेत से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लिया। हालांकि पुलिस को देखकर ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, मामले की जांच कर रहे हवलदार रणजीत सिंह ने बताया कि रात करीब तीन बजे माइनिंग इंस्पेक्टर पवनजीत सिंह ने पुलिस को सूचना दी थी कि गांव सुंडरा के नजदीकी क्षेत्र में अवैध रूप से रेत खनन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां रेत की गैरकानूनी निकासी जारी थी।

पुलिस को आता देख खनन में शामिल व्यक्ति ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर ही छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस ने रेत से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है।

इस संबंध में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ माइनिंग एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वाहन नंबर और अन्य सबूतों के आधार पर फरार आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

थाना प्रभारी डेराबस्सी सुमित मोर ने स्पष्ट किया कि किसी भी सूरत में अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## माघी मेला: श्री मुक्तसर साहिब की 'घोड़ा मंडी' में उमड़ेगा पशु प्रेमियों का सैलाब

चंडीगढ़, यूटर्न, 11 जनवरी। माघी पर्व के अवसर पर पंजाब सरकार द्वारा श्री मुक्तसर साहिब में पारंपरिक पशु एवं घोड़ों के विशाल मेले 'घोड़ा मंडी' का आयोजन किया जा रहा है। पशुपालन मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि 70 एकड़ क्षेत्र में लगने वाली इस मंडी में घोड़ों और अन्य पशुओं की श्रेष्ठ नस्लों का भव्य प्रदर्शन होगा। पशुधन की देखभाल हेतु वेटरनरी डिस्पेंसरी स्थापित की गई है, जहां 40 सदस्यीय टीम 24 घंटे सेवाएं देगी। मेले में बड़ी संख्या में ब्रीडरों, व्यापारियों और पशु प्रेमियों के आने की उम्मीद है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372